कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला–चित्तौड़गढ़(राज.)

क्रमांक/नपारा/भूमि/2025–26/ 5122 दिनांक :– 19/03/2026

–:: सार्वजनिक सूचना ::–

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका रावतभाटा की स्वीकृत एवं राजस्थान रियल एस्टेट रेग्यूलेटरी एथोरिटी (रेरा) (रजिस्ट्रेशन नं. RAJ/P/2026/4657) में पंजीकृत सरदार भगतसिंह नगर आवासीय योजना, रावतभाटा के EWS/LIG/MIG-B आय श्रेणी के आवासीय भूखण्डों का राजस्थान नगर पालिका (नगरीय भूमि निष्पादन) नियम 1974 यथा संशोधित प्रावधानो अन्तर्गत निर्धारित प्रक्रिया एवं मापदण्डो के अनुसार ई–लॉटरी द्वारा आंवटन किया जाना प्रस्तावित है।

आंवटन के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार की श्रेणी, शर्ते, प्रक्रिया एवं पात्रता की विस्तृत जानकारी आवेदन निर्देशिका (बुकलेट) में वर्णित है। उक्त आवासीय योजना की बुकलेट नगर पालिका रावतभाटा कार्यालय में निर्धारित शुल्क 500/– रूपये पर दिनांक 23.03.2026 से कार्य दिवसो में उपलब्ध करवायी जायेगी। इस योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी नगर पालिका रावतभाटा की वेबसाईट https://lsg.urban.rajasthan.gov.in/ulbrawatbhata एवं योजना पोर्टल https://npr.sbsn.plotallotment.com पर दिनांक 23.03.2026 से उपलब्ध रहेगी। ऑनलाईन आवेदन योजना पोर्टल पर दिनांक 23.03.2026 से अन्तिम दिनांक 22.04.2026 तक प्रस्तुत किये जा सकेगे और उनकी हार्ड कॉपी (आवेदन मय आवश्यक मूल दस्तावेज सहित) अन्तिम दिनांक तक नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा अभाव में ऐसे किसी भी आवेदन को ई–लॉटरी हेतु स्वीकार नहीं किया जावेगा। ई–लॉटरी आयोजन की तिथि एवं स्थान के सम्बन्ध में पृथक से सूचना प्रसारित की जायेगी।

//
(विवेक गरासिया)
प्रशासक
नगर पालिका, रावतभाटा

//
(मुकेश नागर)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, रावतभाटा

क्रमांक/नपारा/भूमि/2025–26/ 5123–29 दिनांक :– 19/03/2026

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. श्रीमान् मैनेजिंग डायरेक्टर, राजस्थान संवाद, जयपुर को भेजकर लेख है कि उपरोक्त सार्वजनिक सूचना को राज्य स्तरीय समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका/दैनिक भास्कर के राजस्थान के सभी संस्करणो में प्रकाशित कराकर प्रकाशन की 3 प्रतियों के साथ भुगतान योग्य बिल प्रस्तुत करवाने का श्रम करे।
2. कनिष्ठ अभियन्ता, नगर पालिका रावतभाटा को भेजकर लेख है कि उक्त योजना के भूखण्डों का मौके पर डिमार्केशन निर्धारित समयावधि में करवाना सुनिश्चित करेगे। साथ ही इस सार्वजनिक सूचना एवं योजना से संबंधित समस्त दस्तावेज एवं बुकलेट को नगर पालिका की वेबसाईट एवं योजना पोर्टल पर अपलोड कराने में सहयोग करेगे।
3. प्रभारी, लेखा/कैश शाखा, कार्यालय हाजा।
4. प्रभारी, स्टोर शाखा को भेजकर लेख है कि उक्त योजना की आवेदन निर्देशिका (बुकलेट) सम्बन्धित संवेदक से दिनांक 19.03.2026 तक आपूर्ति प्राप्त कर विक्रय हेतु कार्यालय हाजा कर्मचारी श्री होनाराम को उपलब्ध करावे। साथ ही अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त हो, जिस हेतु योजना का प्रचार–प्रसार बैनर/होर्डिग्स, पेम्पलेट, माईक द्वारा उद्घोषणा आदि के माध्यम से पालिका क्षेत्र व आस–पास के क्षेत्रो में करवाना सुनिश्चित करे।
5. श्री होनाराम, सहा0कर्मचारी, कार्यालय हाजा कमरा नं. 20 को भेजकर आदेशित किया जाता है कि उक्त योजना की आवेदन निर्देशिका (बुकलेट) स्टोर शाखा से प्राप्त कर आप अपने नियंत्रण में आवेदन शुल्क 500/– रूपये प्रति बुकलेट की दर से वसूल कर विक्रय/वितरण करेगे। जिस हेतु प्रत्येक विक्रीत/वितरित आवेदन पुस्तिका का लेखा–जोखा एक पृथक रजिस्ट्रर में संधारित कर प्राप्त राशि पालिका कैशियर के माध्यम से पालिका कोष में जमा करवाना सुनिश्चित करेगे।
6. कार्यालय नोटिस बोर्ड – नगर पालिका/उपखण्ड/तहसील/अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं शहर के मुख्य स्थानो पर चस्पा हेतु।
7. सुरक्षित प्रति।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, रावतभाटा

Sardar Bhagat Singh Naga Sarvajanik Suchana